# Daily Current Affairs

Date : 02 July, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | भंडदेवरा मंदिर (बारां) |
| 2. | रेरा अपीलीय अधिकरण के नए अध्यक्ष : मदन गोपाल व्यास |
| 3. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स (राजस्थान)<br>1. देश की पहली 'बाल निगम सभा'<br>2. भारतीय वुशू टीम में राजस्थान की तीन खिलाड़ी |
| 4. | रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ELI) योजना |
| 5. | अनुसंधान, विकास और नवोन्मेषण (RDI) योजना |
| 6. | अनुसंधान, विकास और नवोन्मेषण (RDI) योजना |
| 7. | संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) |
| 8. | पहली आसियान-भारत क्रूज वार्ता |
| 9. | INS तमाल |
| 10. | बोनट मकाक बंदरों की नसबंदी |
| 11. | चर्चा में रहा देश – सूरीनाम |
| 12. | केशवन रामचंद्रन |
| 13. | राष्ट्रीय खेल नीति 2025 |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 14. | **न्यूज़ इन शॉर्ट्स**<br>1. **भारतीय स्टेट बैंक की सौर ऊर्जा योजना**<br>2. **23वें विश्व पुलिस और फायर गेम्स 2029**<br>3. **टॉप नेशनल प्लेयर्स स्टाइपेंड स्कीम (TNPSS)**<br>4. **इंडीपेंडेंट ड्राइव टेस्ट (IDT) रिपोर्ट**<br>5. **MPEDA का पहला राष्ट्रीय कौशल ओलंपियाड**<br>6. **महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का उद्घाटन**<br>7. **रेलवन एप** |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान परिदृश्य

### भंडदेवरा मंदिर (बारां)

➲ **चर्चा में क्यों?**



- **भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) द्वारा राजस्थान के 'मिनी खजुराहो' के रूप में प्रसिद्ध बारां जिले में स्थित 10वीं शताब्दी के भंडदेवरा मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया जाएगा।**

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **भंडदेवरा मंदिर राजस्थान के बारां ज़िले में रामगढ़ नदी के तट पर स्थित है।**
- **निर्माण : यह मंदिर मूलतः नागवंशी शासक राजा मलय वर्मा द्वारा एक विजय स्मारक के रूप में निर्मित कराया गया था। वर्ष 1162 ईस्वी में मेडा वंश के राजा तृष्णा वर्मा ने इसका जीर्णोद्धार कर इसे नया स्वरूप प्रदान किया।**
- **यह मंदिर नागर स्थापत्य शैली में निर्मित है और वास्तुकला में यह मंदिर खजुराहो के मंदिरों से समानता रखता है।**
- **नोट : इस मंदिर के निकट ही रामगढ़ क्रेटर स्थित है, जो लगभग 16.5 करोड़ वर्ष पूर्व एक उल्कापिंड के पृथ्वी से टकराने से बना था। यह भारत के चुनिंदा दुर्लभ भू-विरासत स्थलों में शामिल है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## ❖ फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI)

- **स्थापना :** द एशियाटिक सोसाइटी ऑफ़ इंडिया के रूप में वर्ष 1861 में सर अलेक्जेंडर कनिंघम द्वारा तत्कालीन वायसराय कैनिंग की सहायता से।
- ASI भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।
- इसका मुख्य उद्देश्य देश में स्थित भौतिक और मूर्त विरासत जैसे प्राचीन स्मारकों और पुरातात्विक स्थलों की रक्षा और देखभाल करना है।
- **मुख्यालय :** नई दिल्ली।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# रेरा अपीलीय अधिकरण के नए अध्यक्ष : मदन गोपाल व्यास

## ➲ चर्चा में क्यों?



- हाल ही में, पूर्व न्यायाधीश मदन गोपाल व्यास को 'राजस्थान रियल एस्टेट अपीलीय अधिकरण' के चेयरमैन पद पर नियुक्त किया गया।

## ➲ मुख्य बिंदु :

- यह नियुक्ति रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 के प्रावधानों के तहत की गई है।
- जस्टिस व्यास पूर्व में राजस्थान उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में सेवाएं दे चुके हैं।
- रेरा अपीलीय अधिकरण (RERA Appellate Tribunal) एक अर्ध-न्यायिक निकाय है जो रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 (RERA) के तहत स्थापित है।
- यह अधिकरण RERA प्राधिकरण या निर्णायक अधिकारी के आदेशों के खिलाफ अपीलों की सुनवाई करता है।
- RERA अधिकरण RERA प्राधिकरण या निर्णायक अधिकारी द्वारा पारित निर्णयों के खिलाफ अपीलों की सुनवाई करता है।
- अपीलीय अधिकरण में एक अध्यक्ष और कम से कम दो सदस्य होते हैं, जिनमें से एक न्यायिक सदस्य और दूसरा तकनीकी या प्रशासनिक सदस्य होता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स (राजस्थान)

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **देश की पहली 'बाल निगम सभा'**<br><br>♦ देश की पहली बाल विधानसभा का कीर्तिमान स्थापित करने के बाद राजस्थान में पहली बार बाल निगम सभा का आयोजन किया जाएगा।<br>♦ इस सभा का आयोजन 15 अगस्त, 2025 को नगर निगम हेरिटेज, फ्यूचर सोसायटी और डिजिटल बाल मेला के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

2.

## भारतीय वुशू टीम में राजस्थान की तीन खिलाड़ी



- हाल ही में, जिलिन, चीन में 2 से 7 जुलाई, 2025 तक होने वाली एशिया कप वुशू प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम की घोषणा की गई।
- इस टीम में राजस्थान की तीन खिलाड़ी - जाह्नवी मेहरा, नीतिका बंसल और महक शर्मा को शामिल किया गया है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ELI) योजना

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने "रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (Employment Linked Incentive - ELI) योजना" को मंजूरी दी है।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**➲ मुख्य बिंदु :**

- **इस योजना का उद्देश्य देश में रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना और उद्योगों को अधिक संख्या में नौकरियाँ सृजित करने के लिए प्रोत्साहित करना है।**
- **इसके तहत उन उद्यमों को प्रोत्साहन दिया जाएगा जो नए कर्मचारियों की नियुक्ति करते हैं और औपचारिक रोजगार को बढ़ावा देते हैं।**
- **यह योजना विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को तेज करने और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।**
- **इस योजना के तहत, पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को एक महीने का वेतन (15,000 रुपये तक) मिलेगा, जबकि नियोक्ताओं को अतिरिक्त रोजगार सृजन के लिए दो साल की अवधि तक प्रोत्साहन दिया जाएगा। वहीं विनिर्माण क्षेत्र के लिए लाभ को दो साल के लिए बढ़ाया जाएगा।**
- **ELI योजना का उद्देश्य 2 वर्षों की अवधि में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहित करना है।**

**ELI योजना:**

- **यह योजना केंद्रीय बजट 2024-25 के अंतर्गत शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य देश में रोजगार सृजन को प्रोत्साहन देना और कार्यबल को औपचारिक क्षेत्र में लाना है।**

**योजना के प्रमुख उद्देश्य:**

- **नए रोजगार अवसरों का निर्माण**
- **श्रमिकों को औपचारिक अर्थव्यवस्था में शामिल करना**
- **सामाजिक सुरक्षा प्रणाली को सुदृढ़ बनाना**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## ELI योजना के अंतर्गत प्रमुख उप-योजनाएँ:


| प्रमुख उप-योजनाएँ | आयाम |
|---|---|
| योजना A | ▪ **लक्ष्य:** ऐसे कर्मचारी जो पहली बार EPFO-पंजीकृत औपचारिक क्षेत्र में काम शुरू कर रहे हैं।<br>▪ **लाभ:** पात्र कर्मचारियों को अधिकतम ₹15,000 प्रति माह के वेतन के आधार पर कुल तीन किस्तों में एक माह का वेतन दिया जाएगा। |
| योजना B | ▪ **फोकस:** विनिर्माण क्षेत्र में नए रोजगार का विस्तार।<br>▪ **प्रोत्साहन:** पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों के EPFO अंशदान पर आधारित प्रोत्साहन, जो पहले चार वर्षों तक लागू रहेगा।<br>▪ **पात्रता:** ₹1 लाख रुपये तक वेतन वाले कर्मचारी। |
| योजना C | ▪ **लक्ष्य:** नियोक्ताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना।<br>▪ **लाभ:** ऐसे प्रत्येक नए कर्मचारी के लिए, जिनका वेतन ₹1 लाख तक है, नियोक्ताओं को अगले दो वर्षों तक ₹3,000 प्रति माह की EPFO अंशदान प्रतिपूर्ति मिलेगी। |
| योजना का महत्व | ▪ **विविध अवसर:** यह योजना विभिन्न औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में कार्यबल को औपचारिक रूप देने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है।<br>▪ **सामाजिक सुरक्षा:** कर्मचारियों को भविष्य निधि जैसी सामाजिक सुरक्षा सेवाओं का लाभ सुनिश्चित होता है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अनुसंधान, विकास और नवोन्मेषण (RDI) योजना

## ➲ चर्चा में क्यों?

- मंत्रिमंडल ने रणनीतिक और उभरते कार्यक्षेत्रों में अनुसंधान, विकास और नवोन्मेषण को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये की राशि के साथ अनुसंधान, विकास और नवोन्मेषण (RDI) योजना को मंजूरी दी।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## ➲ मुख्य बिंदु :

- **मंजूरी : 1 जुलाई, 2025**
- **नोडल विभाग : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) RDI योजना के कार्यान्वयन के लिए नोडल विभाग के रूप में कार्य करेगा।**
- **उद्देश्य : RDI में निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने के लिए कम या शून्य ब्याज दरों पर लंबी अवधि के साथ दीर्घकालिक वित्तपोषण या पुनर्वित्त प्रदान करना।**
- **RDI योजना में द्वि-स्तरीय वित्तपोषण तंत्र होगा।**
- **इसके तहत डीप-टेक फंड ऑफ फंड्स की स्थापना की सुविधा प्रदान की जाएगी।**
- **प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (ANRF) का शासी बोर्ड RDI योजना को व्यापक रणनीतिक दिशा प्रदान करेगा।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# डिजिटल इंडिया मिशन के 10 वर्ष पूरे हुए

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, डिजिटल इंडिया मिशन ने अपनी सफल यात्रा के 10 वर्ष पूरे कर लिए हैं।




## मुख्य बिंदु :

- डिजिटल इंडिया भारत सरकार की एक प्रमुख परिवर्तनकारी पहल है, जिसका शुभारंभ 1 जुलाई 2015 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था।
- इस पहल का उद्देश्य भारत को एक डिजिटल रूप से सशक्त समाज (Digitally Empowered Society) और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था (Knowledge Economy) में परिवर्तित करना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### दृष्टिकोण (Vision):

- डिजिटल अधोसंरचना को एक उपयोगकर्ता के अधिकार के रूप में उपलब्ध कराना।
- शासन और सेवाओं को मांग पर उपलब्ध कराना (Governance and Services on Demand)।
- प्रत्येक नागरिक को डिजिटली सशक्त बनाना।

### प्रमुख उद्देश्य:

- सभी नागरिकों को तेज़ और विश्वसनीय डिजिटल सेवाएँ प्रदान करना।
- नागरिकों को डिजिटल तकनीक का उपयोग कर सशक्त बनाना।
- ई-गवर्नेंस, ई-लर्निंग, ई-हेल्थ, ई-पेमेंट जैसी सेवाओं को सुलभ बनाना।
- साइबर सुरक्षा, डिजिटल साक्षरता, और डिजिटल बुनियादी ढाँचे का विकास करना।

### मुख्य घटक (Key Components):

- **भारतनेट परियोजना –** ग्राम पंचायतों तक ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी।
- **डिजिटल लॉकर –** सरकारी दस्तावेजों का डिजिटल संग्रह।
- **आधार –** एकल डिजिटल पहचान।
- **UMANG ऐप –** एकीकृत सरकारी सेवाएँ मोबाइल पर।
- **ई-हॉस्पिटल, ई-शिक्षा, ई-स्कॉलरशिप –** सार्वजनिक सेवाओं का डिजिटलीकरण।
- **डिजिटल साक्षरता मिशन (PMGDISHA) –** नागरिकों को डिजिटल रूप से शिक्षित करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### प्रभाव और उपलब्धियाँ (2024-25 तक):

- **6 लाख से अधिक गाँवों में ब्रॉडबैंड सुविधा**
- **100 करोड़ से अधिक आधार पंजीकरण**
- **करोड़ों नागरिकों की डिजिटल सेवाओं तक सीधी पहुँच**
- **सरकारी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, दक्षता एवं समय की बचत**

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC)



➲ **चर्चा में क्यों?**

- **पाकिस्तान 1 जुलाई, 2025 से एक माह के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता करेगा।**

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **ज्ञातव्य है कि पाकिस्तान जनवरी, 2025 से 2 वर्ष के लिए सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य भी है।**

**संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC):**

- **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) संयुक्त राष्ट्र के छह निकायों में से एक है, जो अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के रखरखाव के लिये जिम्मेदार एजेंसी है।**
- **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद 15 सदस्यों से बना एक निकाय है, जिसमें पांच स्थायी सदस्य; यथा - चीन, फ्रांस, रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूनाइटेड किंगडम और 10 अस्थायी सदस्य देश शामिल हैं, जो संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) द्वारा चुने जाते हैं।**
- **UNSC में हर दो वर्ष के कार्यकाल के लिए 10 अस्थायी सदस्य चुने जाते हैं।**
- **10 अस्थायी सीटें दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों के बीच वितरित की जाती हैं; जैसे - अफ्रीकी और एशियाई देशों के लिए पांच सीटें (तीन अफ्रीका के लिए और दो एशिया के लिए), पूर्वी यूरोपीय देशों के लिए एक, लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई देशों के लिए दो तथा शेष दो पश्चिमी यूरोपीय और अन्य देशों के लिए।**
- **अफ्रीका और एशिया प्रशांत समूह हर दो साल में बारी-बारी से एक अरब उम्मीदवार को भी चुनाव में भागीदार बनाता है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

❖ **फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**संयुक्त राष्ट्र (UN):**

- **स्थापना – वर्ष 1945 में।**
- **'संयुक्त राष्ट्र चार्टर' संयुक्त राष्ट्र का संस्थापक दस्तावेज है। इस पर 26 जून, 1945 को सैन फ्रांसिस्को, अमेरिका में हस्ताक्षर किए गए थे।**
- **सदस्य – 193 देश।**
- **महासचिव– एंटोनियो गुटेरेस (पुर्तगाल)**
- **सचिवालय- न्यूयॉर्क, संयुक्त राज्य अमेरिका।**

**संयुक्त राष्ट्र के उद्देश्य: (चार्टर के अनुसार संयुक्त राष्ट्र के चार उद्देश्य हैं)**

- **अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करना।**
- **सदस्य देशों के मध्य मैत्रीपूर्ण संबंध विकसित करना।**
- **अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों का आपसी सहयोग द्वारा समाधान करना।**
- **राष्ट्रों के कार्यों में सामंजस्य स्थापित करने का केंद्र बनना।**

**मुख्य निकाय:**

- **महासभा;**
- **सुरक्षा परिषद;**
- **आर्थिक और सामाजिक परिषद;**
- **ट्रस्टीशिप काउंसिल;**
- **इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस;**
- **सचिवालय।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

**संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) का 79वाँ सत्र:**

- **आयोजन:** 10 से 30 सितंबर, 2024 तक न्यूयॉर्क, संयुक्त राज्य अमेरिका।
- **79वें सत्र के अध्यक्ष:** फिलेमोन यांग (कैमरून)
- महासभा के 79वें सत्र की आम बहस का विषय - "कोई भी पीछे ना छूटें: वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए शांति, सतत विकास और मानव गरिमा की उन्नति के लिए सामूहिक रूप से कार्य करना"।
- इस सत्र में भारत की ओर से विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सम्बोधन प्रस्तुत किया।

UTKARSH CIVIL SERVICES



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पहली आसियान-भारत क्रूज वार्ता

## ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, चेन्नई में दो दिवसीय 'पहली आसियान-भारत क्रूज वार्ता' का आयोजन किया गया।




## ➲ मुख्य बिंदु :

- **उद्घाटन :** केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल द्वारा।
- चेन्नई बंदरगाह पर एमवी एम्प्रेस पर आयोजित इस संवाद में तिमोर लेस्ते के साथ-साथ सभी दस आसियान देशों के 30 से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।
- **उद्देश्य :** क्रूज कनेक्टिविटी बढ़ाना, टिकाऊ पर्यटन को बढ़ावा देना तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

❖ **फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

## आसियान (Association of Southeast Asian Nations)

- **आसियान दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का एक संघ है, जो अंतर-सरकारी सहयोग को बढ़ावा देता है।**
- **स्थापना : अगस्त, 1967 में बैंकॉक, थाइलैंड में आसियान घोषणा पत्र (बैकॉक घोषणा) पर संस्थापक देशों - इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाइलैंड द्वारा हस्ताक्षर के साथ की गई।**
- **आदर्श वाक्य : 'वन विजन, वन आइडेंटिटी, वन कम्युनिटी'।**
- **मुख्यालय : इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता।**
- **सदस्य देश (10) - ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाइलैंड और वियतनाम।**


Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## INS तमाल




➲ **चर्चा में क्यों?**

- **01 जुलाई, 2025 को रूस के कैलिनिनग्राद में INS तमाल को भारतीय नौसेना में कमीशन किया गया।**

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के भारत के प्रयासों की पृष्ठभूमि में विदेशी स्रोत से शामिल किया जाने वाला यह अंतिम युद्धपोत है।**
- **श्रेणी : INS तमाल एक स्टील्थ मल्टी-रोल फ्रिगेट है, जो क्रिवाक क्लास फ्रिगेट्स की श्रृंखला का हिस्सा है।**
- **नामकरण : तमाल नामक पौराणिक तलवार से प्रेरित जिसका उपयोग युद्ध में देवताओं के राजा इंद्र द्वारा किया जाता था।**
- **यह तुशील क्लास का दूसरा जहाज़ है, जो अपने पूर्ववर्ती तलवार और तेग क्लास (प्रत्येक में तीन जहाज़) का उन्नत संस्करण है।**
- **गति : 30 नॉट्स से अधिक।**
- **निर्माण : यंतर शिपयार्ड, कालिनिनग्राद (रूस)**


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**प्रमुख विशेषताएँ:**

- **इसमें 26 प्रतिशत स्वदेशी उपकरण लगे हुए हैं, जिनमें समुद्र और स्थल दोनों लक्ष्यों पर प्रहार करने वाली ब्रह्मोस लॉन्ग रेंज क्रूज मिसाइल भी सम्मिलित है।**
- **इसके फोर्स मल्टीप्लायर में एयर अर्ली वार्निंग और मल्टी-रोल हेलीकॉप्टर शामिल हैं, जो तमाल के डेक से संचालन कर सकते हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

### बोनट मकाक बंदरों की नसबंदी

**➲ चर्चा में क्यों?**

- **हाल ही में, केरल सरकार केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से बोनट मकाक बंदरों की नसबंदी करने की अनुमति मांग रही हैं।**



**➲ मुख्य बिंदु :**

- **ऐसा बोनट मकाक बंदरों की बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने और मानव-वन्यजीव संघर्ष को न्यूनतम करने के लिए किया जाएगा।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## बोनट मकाक बंदर:

- बोनट मकाक एक पुरानी दुनिया के बंदरों (Old-World Monkey) की प्रजाति है, जो मुख्य रूप से दक्षिण भारत में पाई जाती है। इसके सिर के ऊपर के बाल इस तरह से होते हैं कि वे टोपी (बोनट) जैसे दिखते हैं, जिससे इसका नाम पड़ा है।

### आवास (Habitat):

- यह प्रजाति पश्चिमी घाट के सदाबहार और शुष्क पर्णपाती जंगलों में निवास करती है।
- इसके अलावा यह शहरी, उपनगरीय और कृषि क्षेत्रों में भी देखने को मिलती है।

### प्रजनन एवं जीवनचक्र:

- ये बहु-नर, बहु-मादा समूहों में रहते हैं।
- मादाएँ लगभग 3 वर्ष की आयु में यौन परिपक्व हो जाती हैं और 4 वर्ष की उम्र में पहला शिशु जन्म देती हैं।
- गर्भकाल लगभग 24 सप्ताह होता है।
- शिशु 6–7 महीने तक दूध पीते हैं और लगभग 1 वर्ष तक माँ के पास रहते हैं।

### व्यवहार:

- ये अधिकांश समय पेड़ों पर बिताते हैं (वृक्षवासी) और साथ ही स्थलीय चौपाया भी होते हैं (चार पैरों पर चलते हैं)।
- दिन के समय सक्रिय रहते हैं।
- आमतौर पर 30 सदस्यों वाले सामाजिक समूह में रहते हैं।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**संचार:**

- **ये बंदर दृश्य, स्पर्श, और ध्वनि माध्यमों से एक-दूसरे से संवाद करते हैं।**
- **शिकारियों के खतरे की चेतावनी देने के लिए अलार्म कॉल्स का प्रयोग करते हैं।**
- **ये हनुमान लंगूर और लायन-टेल्ड मकाक जैसे अन्य प्राइमेट्स की चेतावनी ध्वनियों को भी पहचान सकते हैं।**

**भोजन (आहार):**

- **ये सर्वाहारी (Omnivorous) होते हैं।**
- **इनके आहार में शामिल है: फल, पत्तियाँ, कीड़े, पक्षियों के अंडे, और छिपकलियाँ।**
- **मानव बस्तियों के पास रहने पर ये कचरा, खाने का सामान, और बगीचों पर हमला कर भोजन जुटाते हैं।**

**संरक्षण स्थिति:**

- **वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972: अनुसूची-I में सूचीबद्ध (अत्यधिक सुरक्षा प्राप्त)।**
- **IUCN स्थिति: सुभेद्य (Vulnerable) खतरे में आने वाली प्रजातियों में शामिल।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# चर्चित स्थान

## चर्चा में रहा देश – सूरीनाम




### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा सूरीनाम को मलेरिया मुक्त घोषित किए जाने का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

### मुख्य बिंदु :

- सूरीनाम अमेज़न क्षेत्र में यह प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाला पहला देश है।
- इससे पूर्व 23 जनवरी, 2025 को WHO द्वारा जॉर्जिया को मलेरिया मुक्त घोषित किया गया।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने अब तक 45 से अधिक देशों को मलेरिया मुक्त घोषित किया है।

**मलेरिया रोग:**

- **प्रकार :** प्लास्मोडियम परजीवी के कारण फैलने वाला मच्छर-जनित रक्त रोग।
- **वाहक :** संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छर।
- **परजीवी (Parasite) :** 5 परजीवी प्रजातियाँ मलेरिया का कारण बनती हैं, जिसमें प्लास्मोडियम फाल्सीपेरम (PF) और प्लास्मोडियम विवैक्स (PV) सर्वाधिक घातक है।
- **प्रभावित क्षेत्र :** यह रोग मुख्य रूप से अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और एशिया के उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में फैलता है।
- **मलेरिया रोकथाम हेतु वैक्सीन :** ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन द्वारा विकसित 'मॉस्क्विरिक्स' तथा ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा विकसित R21/मैट्रिक्स।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- प्रति वर्ष 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है।
- वर्ष 2025 की थीम: 'मलेरिया एन्ड्स विद अस : रिइन्वेस्ट, रिइमेजिन, रिईग्नाइट (Malaria ends with us: Reinvest, Reimagine, Reignite)

❖ **फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**सूरीनाम की भौगोलिक अवस्थिति:**




- यह दक्षिण अमेरिका के उत्तर-पूर्वी हिस्से में स्थित एक देश है।
- यह उत्तर में अटलांटिक महासागर, पश्चिम में गुयाना, दक्षिण में ब्राजील और पूर्व में फ्रेंच गुयाना के साथ सीमा साझा करता है।
- राजधानी : पारामरिबो।

CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## चर्चित व्यक्तित्व

### केशवन रामचंद्रन

➲ **चर्चा में क्यों?**

■ **हाल ही में, RBI ने केशवन रामचंद्रन को नया कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया हैं।**




➲ **मुख्य बिंदु :**

■ **आरबीआई के नए कार्यकारी निदेशक के रूप में पदोन्नत होने से पहले केशवन रामचंद्रन जोखिम निगरानी विभाग में प्रधान मुख्य महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे।**

■ **केशवन रामचंद्रन ने अपने करियर के दौरान रिजर्व बैंक स्टाफ कॉलेज के प्रिंसिपल के रूप में भी काम किया।**

■ **उन्होंने पांच साल से अधिक समय तक केनरा बैंक के बोर्ड में भारतीय रिजर्व बैंक के नामित सदस्य के रूप में और दो साल तक आईसीएआई के ऑडिटिंग और एश्योरेंस स्टैंडर्ड्स बोर्ड में काम किया।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल परिदृश्य

## राष्ट्रीय खेल नीति 2025

### ➲ चर्चा में क्यों?

- **1 जुलाई, 2025 को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय खेल नीति (NSP) 2025 को मंजूरी दी।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **नई खेल नीति, 2025 मौजूदा राष्ट्रीय खेल नीति, 2001 के स्थान पर लाई गई।**
- **यह नीति देश को वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करने और वर्ष 2036 ओलंपिक खेलों सहित अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार की गई।**
- **यह खेल नीति पांच प्रमुख स्तंभों पर आधारित है-**

| स्तंभ | उद्देश्य |
|---|---|
| वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता | ■ ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में खेल बुनियादी ढांचे का विकास।<br>■ राष्ट्रीय खेल महासंघों की क्षमता और प्रबंधन को बढ़ाना।<br>■ प्रतिस्पर्धी लीग और प्रतियोगिताओं की स्थापना को बढ़ावा देना।<br>■ खेल प्रदर्शन को बढ़ावा देने के लिए खेल विज्ञान, चिकित्सा और प्रौद्योगिकी अपनाने को प्रोत्साहित करना। |
| आर्थिक विकास के लिए खेल | ■ खेल पर्यटन को बढ़ावा देना और भारत में प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजित कराने का प्रयास करना।<br>■ खेल विनिर्माण परितंत्र को मजबूत करना, और खेल में स्टार्टअप तथा उद्यमिता को बढ़ावा देना।<br>■ सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP), कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) और अभिनव वित्तपोषण पहलों के माध्यम से निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करना। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| सामाजिक विकास के लिए खेल | ▪ केंद्रित कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, आदिवासी समुदायों और दिव्यांगजनों के बीच भागीदारी को बढ़ावा देना।<br>▪ स्वदेशी और पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करना और बढ़ावा देना।<br>▪ खेलों के माध्यम से भारतीय प्रवासियों को शामिल करना। |
| जन आंदोलन के रूप में खेल | ▪ राष्ट्रव्यापी अभियानों और समुदाय-आधारित कार्यक्रमों के माध्यम से खेल में जन भागीदारी और फिटनेस की संस्कृति को बढ़ावा देना।<br>▪ स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थलों आदि के लिए फिटनेस सूचकांक शुरू करना।<br>▪ खेल सुविधाओं तक सभी की पहुंच को बढ़ाना। |
| शिक्षा के साथ एकीकरण (NEP 2020) | ▪ स्कूली पाठ्यक्रम में खेलों को शामिल करना।<br>▪ खेल शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों और शारीरिक शिक्षा शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण से तैयार करना। |

**कार्यनीतिक रूपरेखा :**

- **निजी क्षेत्र का वित्तपोषण और सहयोग :** नवीन वित्तपोषण तंत्र विकसित करना और PPP और CSR के माध्यम से निजी क्षेत्र की भागीदारी को शामिल करना।
- **प्रौद्योगिकी और नवाचार :** प्रदर्शन ट्रैकिंग, अनुसंधान और कार्यक्रम कार्यान्वयन के लिए AI और डेटा एनालिटिक्स सहित उभरती प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाना।
- **राष्ट्रीय निगरानी रूपरेखा :** सुव्यवस्थित परिभाषित मानदंड, प्रमुख प्रदर्शन संकेतक (KPI) और समयबद्ध लक्ष्यों के साथ एक राष्ट्रीय रूपरेखा बनाना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **राज्यों के लिए आदर्श नीति :** NSP 2025 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए एक मॉडल के रूप में काम करेगा, जो राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुरूप अपनी नीतियों को संशोधित करने या तैयार करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

- **समग्र सरकारी दृष्टिकोण :** इस नीति में समग्र प्रभाव प्राप्त करने के लिए सभी मंत्रालयों और विभागों की गतिविधियों, योजनाओं और कार्यक्रमों में खेल प्रोत्साहन को जोड़ने का आह्वान करता हैं।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु

- **संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 :** 11 जून 2025

- **राष्ट्रीय खेल दिवस :** 29 अगस्त, 2025



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **भारतीय स्टेट बैंक की सौर ऊर्जा योजना**<br>♦ देश के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ने वित्त वर्ष 2027 तक 40 लाख घरों में सौर ऊर्जा पहुंचाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है।<br><br><br>♦ यह पहल नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने और भारत के वर्ष 2070 तक नेट ज़ीरो उत्सर्जन के संकल्प को साकार करने की दिशा में बैंक की सक्रिय भागीदारी को दर्शाती है। |
| 2. | **23वें विश्व पुलिस और फायर गेम्स 2029**<br>♦ 23वें विश्व पुलिस और फायर गेम्स 2029 का आयोजन गुजरात के अहमदाबाद में किया जाएगा। खेलों की कुछ स्पर्धाएं गांधीनगर और एकता नगर में आयोजित की जाएंगी।<br><br><br>♦ चीन के बाद भारत दूसरा एशियाई देश है, जो वर्ल्ड पुलिस और फायर गेम्स की मेजबानी करेगा। चीन के चेंगदू ने वर्ष 2019 में 18वें विश्व पुलिस और फायर गेम्स की मेजबानी की थी। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| **3.** | **टॉप नेशनल प्लेयर्स स्टाइपेंड स्कीम (TNPSS)** |



- **ऑल इंडिया चेस फेडरेशन (AICF) ने हाल ही में टॉप नेशनल प्लेयर्स स्टाइपेंड स्कीम (TNPSS) की शुरुआत की घोषणा की।**
- **इसका मुख्य उद्देश्य देशभर के प्रतिभाशाली शतरंज खिलाड़ियों को आर्थिक सहयोग देना और उनकी प्रतिभा को विकसित करना है।**
- **योजना के तहत U-7 से लेकर U-19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों को हर तिमाही निश्चित राशि (₹60,000 से ₹1.5 लाख तक) सीधे उनके बैंक खातों में दी जाएगी।**

| | |
|---|---|
| **4.** | **इंडीपेंडेंट ड्राइव टेस्ट (IDT) रिपोर्ट** |



- **भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने 1 जुलाई, 2025 को  मई, 2025 में आयोजित इंडीपेंडेंट ड्राइव टेस्ट (IDT) के परिणाम जारी किए।**
- **जिसमें 8 लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्रों (LSA) के 13 शहर, राजमार्ग, रेलवे और तटीय गलियारे शामिल हैं।**


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 5. MPEDA का पहला राष्ट्रीय कौशल ओलंपियाड



- 1 जुलाई, 2025 को समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (MPEDA) ने चेन्नई के सीफूड एक्सपो भारत में समुद्री खाद्य मूल्य संवर्धन पर राष्ट्रीय कौशल ओलंपियाड के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया।
- MPEDA, वाणिज्य विभाग के प्रशासनिक क्षेत्र के अंतर्गत एक वैधानिक संगठन है।
- केरल स्थित मालीपुरम के अबाद फूड्स के थानसीर K.R. को विजेता घोषित किया गया।

## 6. महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का उद्घाटन




- 1 जुलाई, 2025 को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| 7. | **रेलवन एप** |
|---|---|



- हाल ही में, केंद्रीय रेल मंत्री ने नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित रेल सूचना प्रणाली केंद्र (CRIS) के 40वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर 'रेलवन' नामक एक नए ऐप का शुभारंभ किया।
- रेलवन, रेलवे के साथ यात्री संपर्क को बेहतर बनाने पर केंद्रित है।
- यह उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरफेस के साथ एक व्यापक, ऑल-इन-वन एप्लिकेशन है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR